क्षेत्रीय कार्यालय एवं प्रयोगशाला
उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, अलीगढ़
REGIONAL OFFICE & LABORATORY
UTTAR PRADESH POLLUTION CONTROL BOARD, ALIGARH

पत्रांक 2297/OG-191/19 दिनांक 12-12-19

सेवा में,

जिला पूर्ति अधिकारी
जनपद–हाथरस।

विषयः–मै0 भारत पैट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि0, खसरा संख्या–3179, ग्राम नौगवां, ब्लाक व तहसील सादाबाद, जनपद हाथरस पर प्रस्तावित नवीन रिटेल आउटलेट स्थापित करने के अनापत्ति आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपने कार्यालय के पत्रांकः–1158/जि0पू0अ0–एन0ओ0सी0/2019 दिनांक 25.11.2019 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के साथ संलग्न ले–आउट प्लान के अनुसार सन्दर्भित प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण इस कार्यालय द्वारा दिनांक 09.12.2019 को किया गया। प्रस्तावित रिटेल–आउटलेट को जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा अन्तिम रूप से अनापत्ति प्रमाण–पत्र जारी करने से पूर्व निरीक्षण आख्या में दिये गये शर्तों को आरोपित करते हुए अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत किये जाने पर इस कार्यालय को कोई आपत्ति नहीं है। विस्तृत निरीक्षण आख्या पत्र के साथ संलग्न कर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(राम गोपाल)
क्षेत्रीय अधिकारी

प्रतिलिपिः–मुख्य पर्यावरण अधिकारी (वृत्त–4), उ0 प्र0 प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, लखनऊ को सूचनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

क्षेत्रीय अधिकारी

For BHARAT PETROLEUM CORP. LTD.
CONSTITUTED ATTRONEY

Scanned with CamScanner

**सेवा में, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि0, खसरा संख्या–3179, ग्राम–नौगवां, ब्लाक व तहसील सादाबाद, जनपद–हाथरस पर प्रस्तावित नवीन रिटेल आउटलेट स्थापित करने के सम्बन्ध में निरीक्षण आख्या।**

उपरोक्त विषयक कार्यालय, जिला पूर्ति अधिकारी, हाथरस के पत्रांक–1158/जि0पू0अ0–पेट्रो0अनु0/2019 दिनांक 25.11.2019 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के साथ संलग्न ले–आउट प्लान के अनुसार सन्दर्भित प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण इस कार्यालय द्वारा दिनांक 09.12.2019 को किया गया। निरीक्षण के समय श्री देवेन्द्र कुमार उपस्थित थे। विस्तृत निरीक्षण आख्या निम्नवत् हैः–

1. प्रस्तावित रिटेल–आउटलेट बल्देव–सादाबाद मार्ग पर खसरा संख्या–3179, ग्रम नौगवां, ब्लाक व तहसील सादाबाद, जनपद–हाथरस में स्थापित किया जाना है।
2. प्रस्तावित रिटेल–आउटलेट के साथ संलग्न एल.ओ. आई. Ref-MTR VILL.NAUGAWANA दिनांक 14.11.2019 के माध्यम से इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि0 द्वारा जारी किया गया है। (छायाप्रति संलग्न)
3. रिटेल–आउटलेट में भण्डारण एवं वितरण का कार्य किया जाना प्रस्तावित है।
4. रिटेल–आउटलेट की भण्डारण हेतु एच.एस.डी. 20 KL क्षमता का अण्डर ग्राउण्ड स्टोरेज टैंक एवं एम.एस. 15KL का अण्डर ग्राउण्ड 01 स्टोरेज टैंक स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।
5. प्रस्तावित रिटेल–आउटलेट के पूरब दिशा में कृषि योग्य भूमि है।
6. प्रस्तावित रिटेल–आउटलेट के पश्चिम दिशा में कृषि योग्य भूमि है।
7. प्रस्तावित रिटेल–आउटलेट के उत्तर दिशा में कृषि योग्य भूमि है।
8. प्रस्तावित रिटेल–आउटलेट के दक्षिण दिशा में बल्देव–सादाबाद मार्ग स्थित है।
9. निरीक्षण के समय उपस्थित प्रतिनिधि को यह निर्देशित किया गया है कि प्रस्तावित स्थल का लैण्डयूज सक्षम अधिकारी से प्राप्त कर 03 माह के भीतर कार्यालय में जमा किया जायें।

उपरोक्त को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित रिटेल–आउटलेट खसरा संख्या–3179, ग्राम–नौगवां, ब्लाक व तहसील सादाबाद, जनपद–हाथरस को एच.एस.डी. 20 KL एवं एम.एस. 15KL भण्डारण एवं वितरण हेतु निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के साथ स्थापित किये जाने पर कोई आपत्ति नहीं है।

1. प्रस्तावित रिटेल–आउटलेट के स्थापना इस प्रकार किया जायें कि आस–पास के परवेशीय वायु गुणत्ता प्रभावित न हो।
2. प्रस्तावित रिटेल–आउटलेट से जनित घरेलू उत्प्रवाह के शोधन हेतु सैप्टिक टैंक स्थापित किया जायें।
3. प्रस्तावित रिटेल–आउटलेट के परिसर में अधिकाधिक भाग पर वृक्षारोपण किया जायें।
4. प्रस्तावित रिटेल–आउटलेट द्वारा अग्निशमन विभाग से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण–पत्र में आरोपित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायें तथा किरी भी दुर्घटना से बचाव हेतु ऑन साइड इमरजेंसी प्लान बनायी जायें।
5. प्रस्तावित रिटेल–आउटलेट द्वारा हैजार्डस वेस्ट रूल्स का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।
6. प्रस्तावित रिटेल–आउटलेट द्वारा रैन वाटर हारवेस्टिंग की व्यवस्था स्थापित की जाये।
7. प्रस्तावित रिटेल–आउटलेट द्वारा संचालन से पूर्व जल/वायु सहमति प्राप्त किया जायें।
8. प्रस्तावित रिटेल–आउटलेट द्वारा डीजल/पैट्रोल के भण्डारण से जनित वेपर की रिकवरी हेतु वेपर रिकवरी सिस्टम स्थापित किया जायें।
9. प्रस्तावित रिटेल–आउटलेट द्वारा किसी भी दशा में एम.एस./डीजल खुले में फैलने से रोकने हेतु उचित व्यवस्था स्थापित की जायें।

10.12.19

(जितेन्द्र कुमार)
अनुश्रवण सहायक

*सहा0 वैज्ञा0 अधिकारी/क्षेत्रीय अधिकारी महोदय,*

10/12/19 12/12/19

For BHARAT PETROLEUM CORP. LTD.
CONSTITUTED ATTRONEY

Scanned with CamScanner